# सेशन में एंटरप्रिन्योर्स को किया इंस्पायर

सेशन में फिक्की फ्लो की प्रेसिडेंट नीता बूचरा और शिव खेड़ा।

सिटी रिपोर्टर ▶ **जयपुर**

फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की ओर से बुधवार को फिक्की फेडरेशन हाउस में इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। इसमें 'विजेता अलग चीजें नहीं करते, वे इसे अलग तरीके से करते हैं' विषय पर चर्चा की गई। सेशन में शिव खेड़ा मुख्य वक्ता थे। खेड़ा करीब 16 किताबों के ऑथर भी हैं। इनकी इंटरनेशनल बेस्ट सेलर बुक 'आप कर सकते हैं' है। 16 भाषाओं में प्रकाशित इस बुक की 2.8 मिलियन से अधिक कॉपियां बिक चुकी हैं। फिक्की की प्रेसिडेंट नीता बुचरा ने बताया कि इस सेशन में करीब 250 लोग मौजूद थे। सेशन में बताया कि आने वाले दौर में बिजनेस को सफलतापूर्वक चलाने के लिए दृढ़ निश्चय और प्राथमिकता स्किल का होना बहुत जरूरी है। सभी यंग एंटरप्रिन्योर को बिजनेस के लिए मोटिवेट किया। अंत में शिव खेड़ा से पूछा गया कि देश को किस चीज की जरूरत है तो उन्होंने कहा कि देश को अच्छी सरकार के साथ सही डायरेक्शन की जरूरत है।